# पेट्रोल छिड़ककर दुकान में आग लगाई, दुकानदार झुलसा

## प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की तलाश में जुटी पुलिस, कोठी के दिदौंध गांव की घटना

नवभारत न्यूज

**सतना 2 नवंबर. आस-पास स्थित दुकान में पुताई को लेकर हुआ विवाद इतना गहरा गया कि दो लोगों ने मिलकर न सिर्फ दुकानदार और उसके परिजनों के मारपीट की बल्कि पेट्रोल छिड़ककर दुकान को आग के हवाले कर दिया. इस घटना के चलते दुकानदार बुरी तरह झुलस गया. इस मामले में पुलिस द्वारा प्रकरण दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है.**

प्राप्त जानकारी के अनुसार घटना शनिवार शाम की बताई गई. लेकिन यह तब लोगों की जानकारी में आई जब घटना से संबंधित वीडियो अगले दिन सोशल मीडिया में वारइल होने लगा. बताया गया कि कोठी थाना क्षेत्र अंतर्गत दिदौंध गांव में रामप्रकाश कुशवाहा और बच्चा द्विवेदी व प्रतीक द्विवेदी की दुकान आस पास स्थित हैं. शनिवार की दोपहर दुकान की पुताई करने को लेकर दोनों दुकानदारों के बीच विवाद हो गया. इस बात से बौखलाए बच्चा द्विवेदी ने रामप्रकाश की पत्नी द्रौपदी के साथ मारपीट कर दी. इतना ही नहीं बल्कि शाम के लगभग 5 बजे बच्चा और कृष्णा



किसी केन में 5 लीटर पेट्रोल लेकर आए और रामप्रकाश की दुकान प्रियंका किराना स्टोर पर छिड़कने लगे. यह देख पहले तो लोगों को लगा कि केवल दहशत फैलाने के उद्देश्य से यह सब किया जा रहा है. लेकिन लोगों के पैरों तले तब जमीन खिसक गई जब माचिस की तीली जलाकर फेंक दी गई.

देखते ही देखते दुकान में आग भड़क गई. चीख पुकार सुनकर ग्रामीणो ने फौरन ही बोरिंग चालू कर दुकान में लगी आग को बुझाने की कोशिश शुरु कर दी. लेकिन तब तक दुकान का काफी सामान जल गया. प्राप्त जानकारी के अनुसार जब दुकान में लगाई गई आग को बुझा दिया गया तो बच्चा और कृष्णा का गुस्सा और भड़क गया. लिहाजा केन में बचे हुए पेट्रोल को रामप्रकाश पर डालते हुए आग लगा दी गई. जिसके चलते रामप्रकाश बुरी तरह झुलस गया. झुलसे रामप्रकाश का उपचार शहर के एक निजी हास्पिटल में जारी है.

### क्षेत्र में बढ़ी पुलिस की गश्त

घटना की जानकारी मिलते ही थाना प्रभारी गिरिजा शंकर वाजपेयी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए . घटना स्थल का निरीक्षण करने के साथ ही आस पास के लोगों से घटना के बारे में जानकारी जुटाई गई . वहीं रामप्रकाश और परिजनों से बयान लेने के बाद पुलिस द्वारा आरोपियों के विरुद्ध आगजनी और हत्या का प्रयास का प्रकरण पंजीबद्ध कर लिया . आरोपियों की तलाश में पुलिस द्वारा छापेमारी की जा रही है . इसी कड़ी में उक्त क्षेत्र में गश्त बढ़ाते हुए स्थिति पर निगरानी की जा रही है .



# मैहर कलेक्टर ने असामयिक बारिश से हुई क्षति का किया निरीक्षण

नवभारत न्यूज

**सतना 02 नवम्बर. कलेक्टर मैहर रानी बाटड ने रविवार को अमरपाटन क्षेत्र में बरेंह, पड़हा, और इटमा कोठार आदि गावों में असामयिक वर्षा से हुई फसल क्षति का निरीक्षण किया।**

इसके अलावा कलेक्टर रानी बाटड ने ग्राम तिलौरा, बरहिया में पहुंचकर खेतों का निरीक्षण किया। कलेक्टर मैहर रानी बाटड ने सभी राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया है कि असामयिक बारिश सूचना पर राजस्व अधिकारी तत्काल अपने क्षेत्र में पहुंचे और फसल नुकसानी का सर्वे करें। इस अवसर पर अमरपाटन एसडीएम डॉ. आरती सिंह सहित राजस्व विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

# कोल इंडिया स्थापना दिवस पर पांच कॉर्पोरेट पुरस्कारों से सम्मानित हुआ एनसीएल

## विभिन्न श्रेणियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कर्मियों को भी किया गया पुरस्कृत

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 2 नवम्बर । एनसीएल ने एक बार फिर अपनी उत्कृष्टता का परचम लहराते हुए कोल इंडिया लिमिटेड सीआईएल के 51वें स्थापना दिवस समारोह में पाँच प्रतिष्ठित कॉर्पोरेट पुरस्कार अपने नाम किए।**

बीते दिन शनिवार को कोलकाता स्थित सीआईएल मुख्यालय में आयोजित समारोह में एनसीएल को स्टार रेटिंग सर्वश्रेष्ठ अनुषंगी कंपनी पुरस्कार, क्वालिटी परफॉर्मेंस अवार्ड, पर्यावरण प्रबंधन पुरस्कार, स्वच्छता पखवाड़ा पुरस्कार तथा सोशल मीडिया प्रेजेंस




अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। ये पुरस्कार एनसीएल की उच्च परिचालन क्षमता, पर्यावरण संरक्षण के प्रति समर्पण, गुणवत्ता प्रबंधन में उत्कृष्ट प्रदर्शन, स्वच्छता अभियानों की प्रभावी क्रियान्विति तथा डिजिटल माध्यमों के जरिये जनसंपर्क में नवाचार का प्रमाण हैं। एनसीएल की ओर से सीएमडी बी साईराम, निदेशक सुनील प्रसाद सिंह तथा कंपनी के वरिष्ठ अधिकारियों ने ये पुरस्कार ग्रहण किए।

स्थापना दिवस समारोह में केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री किशन रेड्डी वीसी के माध्यम से कोयला मंत्रालय भारत सरकार के अपर सचिव एवं कोल इंडिया के चेयरमैन सनोज कुमार झा कोल इंडिया के निदेशकगण, सभी अनुषंगी कंपनियों के सीएमडीए पूर्व चेयरमैन एवं कोयला जगत के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

### इन महाप्रबंधकों को मिला सर्वश्रेष्ठ का पुरस्कार

कोल इंडिया स्थापना दिवस के अवसर पर एनसीएल के कर्मियों ने भी व्यक्तिगत श्रेणियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर कंपनी का गौरव बढ़ाया। समारोह में एनसीएल के महाप्रबंधक अमलोरी क्षेत्र आलोक कुमार को सर्वश्रेष्ठ क्षेत्रीय महाप्रबंधक पुरस्कार, निरंजन महाप्रबंधक एवं विभागाध्यक्ष, पुनर्स्थापन सेल को सर्वश्रेष्ठ विभागाध्यक्ष पुरस्कार, प्रतीक सिन्हा महाप्रबंधक एवं विभागाध्यक्ष को उत्कृष्टता पुरस्कार, सीडब्ल्यूएस जयंत की टीम को एन कुमार इनोवेशन अवार्ड, डॉ. पंकज कुमार मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं पंकज कुमार त्रिपाठी प्रबंधक को विशेष योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

# जूरी मार्केट में बोलेरो की टक्कर में स्कूटी सवार दो घायल

## देर रात हुई घटना, पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर बोलेरो की खोज शुरू की

नवभारत न्यूज

**सीधी, 2 नवम्बर. जिले के कुसमी थाना क्षेत्र अंतर्गत जूरी मार्केट में देर रात एक सड़क हादसा हुआ। जिसमें दो लोग घायल हो गए।**

मिली जानकारी के अनुसार देवउठनी एकादशी के अवसर पर पूजा के बाद बाजार जा रहे नई स्कूटी सवार दो युवकों को तेज रफ्तार बोलेरो ने टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में दोनों युवक गंभीर रूप से घायल



हो गए और उनकी स्कूटी पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। घायलों में से एक की पहचान 23 वर्षीय राज सिंह पुत्र रमेश सिंह के रूप में हुई है, जो पंजाब सिंह के नाती हैं। दूसरे घायल युवक की पहचान नहीं हो पाई थी। स्थानीय निवासियों के अनुसार यह घटना रात करीब 10 बजे हुई। टक्कर मारने के बाद बोलेरो चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। हादसे की जानकारी मिलते ही आसपास के लोगों ने राहगीरों की मदद से घायलों को कुसमी अस्पताल पहुंचाया। वहां दोनों को प्राथमिक उपचार दिया गया। उनकी गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया। कुसमी थाना प्रभारी अरुणा द्विवेदी ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर भेजी गई थी। उन्होंने कहा घायलों का इलाज कुसमी अस्पताल में चल रहा है। आवेदन प्राप्त होने पर नियमानुसार प्रकरण दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस फरार बोलेरो वाहन की तलाश कर रही है और सीसीटीवी फुटेज सहित अन्य माध्यमों से उसकी पहचान के प्रयास जारी हैं।

# नशीली कफ सिरप के साथ आरोपी गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

**रीवा, 2 नवम्बर, नशे के विरूद्ध चलाए जा रहे आपरेशन प्रहार 2.0 के तहत मनगवां पुलिस ने एक आरोपी को नशीली कफ सिरप के साथ गिरफ्तार किया है. जिसके पास से 58 शीशी नशीली कफ सिरप बरामद की गई है. पूंछताछ के बाद आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया.**

मनगवां पुलिस को मुखविर से सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति ग्राम कुईया कला स्थित बच्चन नाला पुलिया के पास अपने साथ एक सफेद रंग की प्लास्टिक की बोरी में भारी मात्रा में अवैध नशीली कफ सीरप लिये खडे होकर ग्राहक तलाश रहा है. मौके पर



दबिश देकर घेराबन्दी कर उक्त व्यक्ति को बोरी के साथ पकडा गया. पकडे गये व्यक्ति के कब्जे की बोरी की तलाश ली गई जो बोरी में भारी मात्रा में अवैध नशीले कफ सीरप बरामद हुई. पकड़े गये आरोपी से 58 नग ओनरेक्स कफ सीरफ कीमती 12180 जप्त की गई है. अवैध नशीले कफ सीरप को मौके जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर थाने लगाया गया. जिससे पूंछताछ के बाद न्यायालय में पेश किया गया.






# सतर्कता दैनिक जीवन जीने का तरीका : साहा

## विंध्याचल में सतर्कता जागरूकता सप्ताह का हुआ समापन



नवभारत न्यूज

**विंध्यनगर 2 नवम्बर। एनटीपीसी विंध्याचल में सतर्कता जागरूकता सप्ताह का भव्य समापन 1 नवम्बर को उमंग भवन में आयोजित समारोह के साथ हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में संजीब कुमार साहा परियोजना प्रमुख उपस्थित थे।**

कार्यक्रम में डीपीएस विंध्यनगर, एसएसएम और सरकारी विद्यालयों के प्राचार्य, शिक्षक, अभिभावक, छात्र-छात्राएँ तथा यूनियन एवं एसोसिएशन के प्रतिनिधि भी शामिल हुए। इस अवसर पर एक लघु फिल्म भी प्रदर्शित की गई, जिसमें जागरूकता अभियानों, क्षमता निर्माण एवं आउटरीच पहलों के मुख्य अंश दिखाए गए। इस अवसर पर विभिन्न विद्यालयों के छात्रों ने नैतिकता और ईमानदारी पर केंद्रित आकर्षक प्रस्तुतियाँ दीं।

सरकारी विद्यालय विंध्यनगर के विद्यार्थियों ने भ्रष्टाचार पर एक विचारोत्तेजक नाटक प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि संजीब कुमार साहा ने अपने संबोधन में कहा कि सतर्कता कोई एक दिन का कार्य नहीं, बल्कि जीवन जीने का तरीका है। उन्होंने पारदर्शिता और उत्तरदायित्व को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का आग्रह किया और कहा कि जागरूक एवं नैतिक समाज ही एक सशक्त, भ्रष्टाचार-मुक्त राष्ट्र की नींव रख सकता है। समारोह का समापन पुरस्कार वितरण के साथ हुआ, जिसमें अभियान के दौरान आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का संचालन कामना शर्मा उप महाप्रबंधक ने किया तथा आयोजन विजिलेंस विभाग द्वारा मानव संसाधन, टीएडी एवं आईटी विभागों के सहयोग से सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। यह समापन तीन माह तक चले रोकथाम सतर्कता अभियान का एक प्रेरणादायक और सफल समापन सिद्ध हुआ।

# अवैध शराब के मामले में आधा दर्जन पकड़ाए

## चोरहटा थाना पुलिस ने की कार्यवाही

नवभारत न्यूज

**रीवा, 2 नवम्बर, चोरहटा पुलिस ने अवैध शराब की बिक्री एवं पैकारी करने वाले आधा दर्जन आरोपियों को मुखबिर की सूचना पर धरदबोचा. जिनके खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई.**

थाना प्रभारी आशीष मिश्रा ने बताया कि अवैध शराब की बिक्री किये जाने की लगातार शिकायत मिल रही थी. मुखबिर की सूचना पर अलग-अलग दबिश दी गई. जहा पकड़े गये आरोपियों में बृजेंन्द्र सिंह पिता रामकिशोर सिंह उम्र 38 वर्ष निवासी ग्राम करहिया नं. 01 थाना चोरहटा, पिन्टू केसरवानी पिता स्व. पुरूषोत्तमदास केसरवानी उम्र 44 वर्ष निवासी खैरी बस्ती, जीतेन्द्र उर्फ रज्जन वर्मा पिता राजबहोर वर्मा उम्र 25 वर्ष निवासी ग्राम खैरी नई बस्ती, रामसजीवन चौधरी पिता स्व. ललुआ चौधरी उम्र 50 वर्ष निवासी वार्ड क्र. 04 चोरहटा, समित पटेल पिता दयाशंकर पटेल उम्र 24 वर्ष निवासी कुबरी बडौला थाना बभनी जिला सीधी (म.प्र.) हाल लखौरी बाग, रामलखन कोरी पिता मिठाईलाल कोरी उम्र 36 वर्ष निवासी ग्राम कुशहा थाना सगरा हाल ग्राम बैजनाथ अहरी टोला शामिल है.

आरोपियों से 05 बोतल अग्रेजी शराब, 26 पाव अग्रेजी गोवा शराब,122 पाव देशी मदिरा, 07 पाव मसाला देशी मदिरा कीमत कुल 16762 रुपये जप्त किया गया. अहम भूमिका प्रधान आरक्षक शिवाजीत मिश्रा, पुष्पराज बागरी, रामायण तिवारी की रही.

# क्षतिग्रस्त फसलों का सर्वे शुरू

## जिले के सभी एसडीएम को मिला आदेश

नवभारत न्यूज

**सतना 02 नवम्बर. कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस ने सतना जिले में 29 ओर 31 अक्टूबर को हुई असामयिक वर्षा से हुई फसल क्षति का सर्वेक्षण कार्य कृषि एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम द्वारा कराये जाने के निर्देश सभी एसडीएम को दिये थे।**

जिसके परिपालन में एसडीएम रामपुर बघेलान आरएन खरे और एसडीएम मझगवां महिपाल सिंह गुर्जर ने तत्काल टीमें गठित कर फसल क्षति का आंकलन कार्य शुरू कर दिया है। एसडीएम ने तहसीलदार के साथ स्वयं किसानों के खेतों में जाकर नुकसानी का जायजा लिया। कलेक्टर ने तहसीलदार रघुराजनगर, कोठी, उचेहरा, नागौद, मझगवां, बिरसिंहपुर, रामपुर बघेलान और कोटर का संयुक्त सर्वे टीम द्वारा सर्वेक्षण कराकर अविलम्ब फसल क्षति की जानकारी भेजने के निर्देश दिये है।

# मटिहनी गांव में पत्नी की हत्या करने वाला आरोपी गिरफ्तार

## चितरंगी थाना क्षेत्र में हत्याओं का बढ़ रहा ग्राफ

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 2 नवम्बर । चितरंगी थाना क्षेत्र के ग्राम मटिहनी में 31 अक्टूबर को एक बैगा परिवार में एकादश कार्यक्रम के दौरान शराबखोरी हुई, जहां मामूली सी बात को लेकर आरोपी राजबहादुर बैगा ने अपनी पत्नी पर लाठी-डण्डे से प्रहार करते हुये मौत की नींद सुला दिया.**

वहीं बीच-बचाव करने



पहुंची बहु एवं परिवार के अन्य सदस्य को भी चोटे आई। घटना की सूचना के बाद पुलिस हरकत में आई और आज आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। वहीं चितरंगी थाना क्षेत्र में हत्याओं के बढ़ रहे ग्राफ से लोग काफी चिंतित हैं।

दरअसल पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम मटिहनी में आरोपी रामबहादुर बैगा के घर में एकादश का कार्यक्रम था। जहां आरोपी पत्नी से विवाद कर रहा था। बाद में वह कमरे से घसिटते हुये बाहर लाया और लाठियों से प्रहार कर घायल कर दिया। साथ ही जब उसका मन नही भरा तो कमरे के अंदर ले जाकर मुक्के से मारपीट करते हुये मौत की नींद सुला दिया।

बीच बचाव करने पहुंची बहु रजेसिया बैगा एवं राजमन बैगा को भी मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने हत्या का अपराध दर्ज करते हुये आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। इधर चितरंगी थाना क्षेत्र में हत्या जैसे संगीन अपराधो में हो रही वृद्धि से लोग काफी चिंतित हैं।

# प्राचीन स्मारकों को पर्यटन के रूप में विकसित करने की आवश्यकता : जामोद

## कमिश्नर एवं आईजी रीवा ने इको एडवेंचर पार्क माड़ा का किया भ्रमण

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 2 नवम्बर । जिले के एक दिवसीय प्रवास पर आये रीवा संभाग कमिश्नर बीएस जामोद एवं आईजी रीवा संभाग गौरव राजपूत ने सिंगरौली जिले का भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान कमिश्नर एवं आईजी ने माड़ा ऐतिहासिक माड़ा गुफाओं तथा एडवेंचर पार्क का भ्रमण किया ।**

भ्रमण के दौरान कलेक्टर गौरव बैनल एवं एसपी मनीष खत्री मौजूद रहे। जिले के माड़ा में सातवी शताब्दी में निर्मित माड़ा की प्रसिद्ध गुफाएं, जिसे देख कर कमिश्नर ने खुशी जाहिर की और कहा कि हमें ऐसे महत्वपूर्ण प्राचीन स्मारकों को पर्यटन के रूप में विकसित करने की आवश्यकता है। कमिश्नर और आईजी ने इको एडवेंचर पार्क में स्थापित एडवेंचर गतिविधियों की जानकारी ली। उन्होंने त्योहारो



एवं छुट्टियों में इको पार्क में पर्यटकों की संख्या को दृष्टिगत रखते हुए सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाने के साथ ही पार्क एवं गुफाओं के संबंध में आने वालें पर्यटको को जानकारी देने के लिए टूर गाईड नियुक्त करने निर्देशित किया। इस अवसर पर राजस्व विभाग, वन विभाग एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

### कमिश्नर एवं आईजी पहुंचे लंघाडोल व सरई थाना

संभागायुक्त एवं रीवा रेंज के पुलिस महानिरीक्षक आज दिन रविवार की दोपहर जिले के दूरस्थ क्षेत्र लंघाडोल एवं सरई थाना पहुंचे। जहां कमिश्नर एवं आईजी ने क्षेत्र के भोगौलिक स्थिति के बारे में वाकिफ हुये। इस दौरान कलेक्टर एवं एसपी भी साथ में रहे। लंघाडोल थाना में करीब 10 मिनट तक ठहरे हुये थे। थाना प्रभारी से जानकारी लेने के बाद सरई के लिए रवाना हो गये। हालांकि बाद में सरई न ठहर कर निगरी जेपी गेस्टहाउस पहुंचे।

# चंडीगढ़ से दस्तयाब हुई दो बालिकाएं

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 2 नवम्बर । खुटार पुलिस चौकी क्षेत्र से दो बालिकाएं घर से नाराज होकर पिछले माह 16 अक्टूबर को लापता हो गई थी।**

जहां के परिजनों के सूचना पर चौकी प्रभारी शीतला यादव ने अपहृत की धारा के तहत अपराध पंजीबद्ध करते हुये बालिकाओं की तलाश के लिए लग गई। पुलिस टीम ने दो अलग-अलग गांव के बालिकाओं को चंडीगढ़ से दस्तयाब करने में सफलता हासिल की है। जानकारी के अनुसार 16 अक्टूबर को 2 अलग-अलग प्रकरणो में फरियादी चौकी आकर मौखिक रिपोर्ट लेख कराया कि मेरी नाबालिक लड़की को अज्ञात व्यक्तियों द्वारा बहला फुसला कर भगा ले गया है। जिसकी रिपोर्ट पर धारा 137(2) बीएनएस कायम कर विवेचना में लिया गया। इस दौरान विवेचना अपहृतो की पता तलाश किया गया। जहां अपने घर से नाराज होकर चंडीगढ़ चली गई थी। जिन्हे चंडीगढ़ से दस्तयाब कर परिजनो को सुपुर्द किया गया। यह कार्रवाई एसपी मनीष खत्री एवं एएसपी सर्वप्रिय सिन्हा के निर्देश पर की गई है। वहीं उक्त कार्रवाई में चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक शीतला यादव, सउनि मनीष सेन, आर गौरव यादव, रमेश यादव, विनोद शाक्य, राजेश यादव, प्रआर सच्चिदानंद तिवारी, मीणा की महत्तपूर्ण भूमिका रही।

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा.लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा मौजा कोलगवां, इंडस्ट्रियल एरिया, सतना से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि. , इंडस्ट्रियल एरिया से मुद्रित . संपादक- संजय पयासी* फोन- 250587, फैक्स- 224642 * समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार RNI Reg. No. 72181/99

CMYK